भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

01.12.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 536 का उत्तर

पुरी-कोणार्क नई रेल लाइन परियोजना

536. श्री पिनाकी मिश्रा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पुरी-कोणार्क नई रेल लाइन परियोजना की स्थिति क्या है;

(ख) परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए रेलवे द्‌वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या रेलवे ने इस परियोजना के लिए राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर विचार किया है, यदि हां, तो इसकी शुरुआत की संभावित तिथि क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्‌योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): पुरी और कोणार्क (33 किमी) के बीच नई रेल लाइन के निर्माण के लिए सर्वेक्षण पूरा हो गया है और परियोजना की लागत 725.78 करोड़ रु. आंकी गई है। ओडिशा राज्य सरकार के साथ लागत में साझेदारी के पहलू सहित परियोजना आवश्यकता और वित्तीय व्यवहार्यता निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण रिपोर्ट पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

******

S.K